aglasem.com

FOR TS CLASS 11 PREPARATION

TS Inter 1st Year Model Paper 2027 Hindi

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
TS Class 11	2027	Sample Paper	Hindi

Board of Intermediate Education - Telangana

PART-II

HINDI PAPER-I

(w.e.f. 2026-27)

SECOND LANGUAGE, MODEL QUESTION PAPER

TIME : 3 Hrs. **Max. Marks : 80**

निर्देश : **1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

2. जिस क्रम में प्रश्न दिए गए हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है।

खंड – क (अंक 50)

1. निम्नलिखित किसी एक दोहे का भावार्थ लिखिए **1x4=4**

सात समंद की मसि करौ, लेखनि सब बनराइ।
धरत सब कागद करीं, तऊ हरि गुंण लिख्या न जाइ।।

(अथवा)

आवत ही हरषै नहिं, नैनन नहिं सनेह।
तुलसी तहाँ न जाइए, कंचन बरसे मेह।।

2. किसी एक कविता का सारांश लिखिए। **1x5=5**

1) सपने बुनना सीख लो
2) हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकाल के

3. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए। **1x5=5**

1) मधुर भाषण
2) क्रांतिवीर रामप्रसाद बिस्मिल की अमर गाथा

4. किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **2 x3 =6**

1) कमोदनीं जलहरि बसै, चंदा बसै अकास।
जो जाही का भावता, सो ताही कै पास।।

2) मुखिआ मुखु सो चाहिए, खान पान कहुँ एक।
पालइ पोषइ सकल अँग, तुलसी सहित बिबेक।।

3) बहुत दिनों से सोच रहा था,
थोड़ी धरती पाऊँ।
उस धरती में बाग़-बग़ीचा,
जो हो सके लगाऊँ।।

4) आराम की तुम भूल भुलय्या में ना भूलो
सपनों के हिंडोलों पे मगन होके ना झूलो
अब वक़्त आ गया है मेरे हँसते हुए फूलों
उठो छलाँग मार के आकाश को छू लो

5. किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 2 x3 =6

1. किसी काम को कराने के लिए कृपया शब्द का प्रयोग शिष्टता का परिचायक होता है। काम हो जाने के पश्चात् धन्यवाद कहना भी ज़रूरी है।
2. मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या और उलटी निकलती हैं।
3. माँ को हँसी आ गई। मगर केशव को कई दिनों तक अपनी गलती पर अफ़सोस होता रहा। अंडों की हिफ़ाज़त करने के जोग में उसने उनका सत्यानाश कर डाला।
4. यह मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, वरन् तेलंगाणा की दृढ़ता, उसकी लोक-चेतना और उसकी पीढ़ियों को सूत्रबद्ध करने वाली सांस्कृतिक धरोहर का उद्घोष है।

6. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । 2 x2 =4

1. लेखक ने चिट्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय क्यों लिया ?
2. नादान दोस्त कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?
3. बिस्मिल के जीवन की दिशा कैसे और किन घटनाओं के कारण बदली ?
4. बोनालू के माध्यम से तेलंगाणा में धार्मिक सद्भाव किस प्रकार प्रकट होता है?

7. एक वाक्य में उत्तर दीजिए। 5 x 1 =5

1 कबीर के गुरु का नाम क्या था ?
2 तुलसी ने संत की तुलना किससे की है ?
3 तूफान से क्या निकालकर लाए हैं ?
4. वहशी शब्द का अर्थ क्या है?
5. 'सपने बुनना सीख लो' कविता के कवि कौन हैं ?

8. एक वाक्य में उत्तर दीजिए । 5 x 1 =5

1. मधुर भाषण निबंध के लेखक कौन हैं ?
2. कुएँ में किस पर ढेला फेंका जाता था ?
3. डरते डरते स्टूल पर कौन चढ़ा ?
4. राम प्रसाद बिस्मिल के अभिन्न मित्र का नाम क्या था?
5. बोनालू उत्सव का संबंध किस राज्य से है?

9. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पाँच वाक्यों में लिखिए l 2 x 5 =10

1. साइकिल चलाने के बारेमें लेखक की क्या धारणा थी ?
2. विश्व विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत का भविष्य में क्या प्रभाव पड़ेगा ?
3. मूर्ख भी विद्वान बन सकता है', इस कहानी का सार क्या है?
4. घोंसला क्यों घमंड करता है?

खंड – ख (अंक 30)

10. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । 6 x 1 =6

1. बारत	5. बय	9. बलिधान
2. उतसव	6. पृथ्वी	10. अनुमाण
3. भाशा	7. मालुम	11. नवयूवक
4. अपराद	8. दिवार	12. खुश्बु

11. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । 6 x 1 =6

1. हँसना	5. धीरे	9. विजय
2. दूर	6. ज्ञान	10. वीर
3. अपना	7. सच्चा	11. कृतज्ञता
4. शांत	8. विद्वान	12. सूक्ष्म

12. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों के कम से कम दो पर्याय शब्द लिखिए ।

6 x 1 =6

1. बादल	5. मनुष्य	9. दोस्त
2. फूल	6. आनंद	10. माँ
3. धरती	7. आदमी	11. सुबह
4. सपना	8. आशा	12. गगन

13. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः रिक्त स्थानों की पूर्ति कारक चिह्नों की सहायता से कीजिए। **6 x 1 =6**

1. राम कुर्सी ..... (में/पर) बैठा है।
2. भाई साहब ..... (ने/में) पत्र लिखा।
3. वह कुएँ ..... (में/ने) उतर गया।
4. चिट्ठी ..... (पर/की) लिखा था।
5. अम्मा ने श्यामा ..... (से/में) बात कही।
6. वाणी की मधुरता ..... (का/से) मनुष्य श्रेष्ठ बनता है।
7. यह घर मेरे पिता ..... (की/का) है।
8. चिड़ियों ..... (में/के लिए) पानी रखा।
9. रामप्रसाद बिस्मिल ..... (को/से) फाँसी दी गई।
10. बोनालु तेलंगाणा ..... (का/की) सांस्कृतिक विरासत है।
11. केशव ..... (ने/से) गद्दी बनाई।
12. सायंकाल ..... (के/ने) साढ़े तीन बजे होंगे।

14. रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए । **3 x 1 =3**

1. चिड़िया ने **अंडा** दिया।
2. जेल की **दीवार** बड़ी थी।
3. ये **कहानियाँ** अच्छी हैं।

15. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए । **3 x 1 =3**

1. **माली** काम करता है।
2. **कवि** ने सुंदर कविता लिखी।
3. **लड़की** खेलती है।
4. **शेरनी** शिकार करती है।
5. **मोर** नाचता है।
6. **गायिका** गीत गाती है।

*****